भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1027.**

दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गिरफ्तार किए गए आतंकवादी**

**1027. श्री राजकुमार धूतः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार यह सुनिश्चित करने हेतु क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र आतंकवादियों के लिए शरणस्थली न बन पाए?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख) दिल्ली पुलिस ने दिनांक 20 जुलाई, 2014 को दिल्ली में एक लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) आतंकवादी अर्थात, अब्दुल सुभान को गिरफ्तार किया है।**

**(ग) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नई दिल्ली देश की राजधानी तथा सरकार का केन्द्र होने के कारण सदैव भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के विरोधी आतंकवादी गुटों के निशाने पर रहती है। इसलिए, दिल्ली में लगातार अत्यधिक चौकसी की स्थिति बनी रहती है क्योंकि सुरक्षा कम नहीं की जा सकती है और सुरक्षा एजेंसियां हमेशा एहतियाती उपाय कर रही हैं। तथापि, दिल्ली में आतंकी हमले के बारे में आसूचना संबंधी कोई विशिष्ट जानकारी नहीं हैं।**